



# ऐसी गौशाला जिसमें घायल गौवंश को मिल रहा इलाज और दाना-पानी

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 23 फरवरी।** जहां एक ओर शासन की मदद से संचालित गौशालाओं में गौवंश को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं वहीं दूसरी ओर कुछ लोग निजी स्तर पर बेहतर तरीके से गौशाला संचालित कर रहे हैं। स्थानीय आईटीआई के निकट अपनी वेशकीमती भूमि पर बजरंग दल के जिला संयोजक कुलदीप सिंह तोमर द्वारा ऐसी ही एक गौशाला का संचालन किया जा रहा है। इनके इस गौवंश संरक्षण के कार्य में कई युवाओं द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

**निजी भूमि पर संचालित हो रही गौशाला में हर रोज आते हैं डॉक्टर**

बता दें उक्त गौशाला में विशेष रूप घायल गौवंश के इलाज और खान- पान की भी व्यवस्था की जा रही है। शहर में कहीं से भी गौवंश के घायल होने या किसी के सता दिए जाने की सूचना गौशाला की टीम को मिलती है तब युवा ऐसी गाय, बछड़ा आदि को गौशाला में ले जाते हैं। वहां घायल गौवंश के इलाज के लिए एक डॉक्टर की व्यवस्था की गई है। डॉक्टर द्वारा उपचार किया जाता है वहीं युवाओं द्वारा चारा- पानी उपलब्ध कराया जाता है। इस प्रकार घायल गौवंश भला चंगा हो रहा है। इस गौशाला में 100- 150 गौवंश को उपचार मिल रहा है।

**पक्षियों को भी नियमित रूप से मिल रहा दाना- पानी :** गौशाला में न केवल गौवंश का संरक्षण किया जा रहा है बल्कि इसमें पक्षियों के लिए भी दाना- पानी की व्यवस्था नियमित रूप से की जा रही है। गौशाला की छत पर प्रतिदिन पक्षियों के लिए दाना डाला जाता है। इसके साथ ही पक्षियों के लिए पानी पात्रों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गौशाला टीम के द्वारा गर्मी के दिनों में विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी पात्रों की व्यवस्था कराई जाती है।

**असाध्य गौवंश को निरंतर मिल रहा संरक्षण**

गौशाला में कई गाय व बछड़े ऐसे भी हैं जो दुर्घटना में चलने फिरने योग्य नहीं रहे हैं उनकी नियमित रूप देखभाल की जा रही है। गौशाला में कई लोग दूध न देने वाली गायों को छोड़कर जाने लगे हैं। इनसे टीम के सदस्य यह तो कहते हैं कि जब तक दूध दिया तब तक पाला अब क्यों मुहं मोड़ रहे हो। तब इनके द्वारा असमर्थता जताई जाती है तो ऐसी गायों को भी गौशाला में रखा जा रहा है।

## टोल प्लाजा पर अज्ञात बाइक सवारों ने की फायरिंग

**भिण्ड/मालनपुर, 23 फरवरी।** मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र के निकट महाराजपुरा थाना क्षेत्रांर्गत बरेठा टोल प्लाजा पर सोमवार की शाम अज्ञात बाइक सवार फायरिंग कर गए। यह घटना सांयकाल 7 बजे के करीब की है। इस घटना को बाइक पर सवार होकर होकर पहुंचे दो लोगों ने अंजाम दिया है। इसके सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए गए है। महाराजपुरा थाना में टोल कर्मचारियों द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस ने इसकी सूचना मिलने पर नाकाबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। बता दें टोल प्लाजा पर इस प्रकार की घटनाएं होती रहती हैं। इसके पीछे कभी- कभी टोल प्लाजा के कर्मचारियों की लापरवाही भी सामने आती है।

टोल प्रबंधन के अनुसार दो युवक भिंड की तरफ से आए थे और वह हेलमेट लगाए थे बाइक पर पीछे बैठा युवक हाथ में पिस्टल लिए हुए दिख रहा है और जो टोल पर फायरिंग कर रहा है फायरिंग करते हुए वह लोग भाग निकले।



## लंबित प्रकरणों का शत- प्रतिशत निराकरण करें : कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 23 फरवरी।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे जबकि कई अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित**

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन से संबंधित सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण निराकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से लंबे समय से लंबित शिकायतों पर तत्काल ध्यान केंद्रित करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए गए।

**ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश :**कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ तथा जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया कि ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाई जाए तथा प्रगति में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

**लाड़ली लक्ष्मी योजना पर विशेष फोकस :** लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बालिकाओं की ई-केवाईसी एवं समग्र सत्यापन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जो बालिकाएं अभी तक योजना से छूट गई हैं, उन्हें शीघ्र चिन्हित कर उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जाएए ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजना से वंचित न रहे।

**टीएल पत्रों के निराकरण के निर्देश**

कलेक्टर ने समय सीमा, टीएल पत्रों के निराकरण की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी टीएल प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिताए जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया।

## 27 को एनएच को लेकर मेहगांव में होगी महापंचायत

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 23 फरवरी।** ग्वालियर-भिंड हाईवे पर भाजपा सरकार की कथित वादा खिलाफी के विरोध में पूज्य संत कालीदास महाराज का तूफानी जनसंपर्क दौरा प्रारंभ हो गया है। इस बार संत समाज आंदोलन को लेकर आर-पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहा है।

**सरकार की वादा खिलाफी को लेकर संत कालीदास महाराज का तूफानी दौरा**

संत कालीदास महाराज ने समस्त जनसमुदाय से अपील करते हुए कहा कि 27 फरवरी को आयोजित होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में मेहगांव डाक बंगला हनुमान मंदिर पहुंचकर संत समाज का समर्थन करें। कालीदास महाराज ने आज भूतपूर्व सैनिक जगदीश सिंह भदौरिया के परिवारजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना प्रदान की। इसके पश्चात रजक समाज की ओर से संत गाडगे जी महाराज की जयंती के अवसर पर आयोजित धर्मसभा में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह लड़ाई भिंड जिले में सनातन संस्कृति को बचाने की है। उन्होंने कहा कि एक ओर समाज को भ्रमित करने वाले कालीनेमी हैं, जिन्हें न तो नौजवानों की मौतों से कोई फर्क पड़ता है और न ही गौवंश के संरक्षण की चिंता है।

**फूप में जनसमुदाय से संवाद**

अपने दौरे के दौरान संत कालीदास महाराज फूप पहुंचे जहां उन्होंने जनसमुदाय से मुलाकात कर आंदोलन के उद्देश्य की जानकारी दी। इसी क्रम में उन्होंने कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामशेष बघेल के दिवंगत पिता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

**कई संत और सामाजिक नेता रहे मौजूद**

इस अवसर पर संत कमलदास महाराज, टीकरी के संत रामेश्वर दास महाराज, समाजसेवी वीरेंद्र वर्मा, बसपा नेता रछपाल सिंह, समाजसेवी राजेश यादव, गड़ूपुरा सहित अनेक संत, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संत समाज ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## घिरोंगी गांव में दो पक्षों में विवाद जमकर हुई मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 23 फरवरी।** मालनपुर थाना क्षेत्र के घिरोंगी गांव में दो पक्षों मैं विवाद हो गया और जमकर मारपीट हुई दोनों बच्चों की तरफ से दो ट्रैक्टरों में भी तोड़फोड़ हुई एक पक्ष की तरफ से महिंद्रा तो दूसरे पक्ष की तरफ से स्वराज ट्रैक्टर में तोड़फोड़ होना बताया गया है, पुलिस ने एक पक्ष से फरियादी सचिन की फरियाद पर चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है तो वही दूसरे पक्ष से धर्मेंद्र सिंह की फरियाद पर चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है और दोनों पक्षों से चार लोगों को बाउंड ओवर बाउंड ओवर भी किया है।

**फायरिंग की भी सूचना, गांव बना पुलिस छावनी, चार लोगों को किया बाउंड ओवर**

**गोली चलने की सूचना पर पहुंची पुलिस**

कथित तौर पर दोनों पक्षों में गोली चलने की खबर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई तो वही गांव में गोहद एसडीओपी महेंद्र गौतम और मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी पुलिस बल के साथ पहुंचे और गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया और फ्लैग मार्च भी निकाला और गांव वालों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि किसी ने भी कानून तोड़ने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी । हालांकि दोनों पक्षों से किसी ने भी गोली चलने का जिक्र एफ आई आर में नहीं किया है।

## 6 लेन बने नेशनल हाईवे 719, पत्र में हादसों पर मंत्री ने चिंता जताई

**नवभारत न्यूज**

**भिंड/मेहगांव, 23 फरवरी।**



मध्यप्रदेश सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग मंत्री राकेश शुक्ला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर ग्वालियर-भिण्ड- इटावा नेशनल हाईवे 719 को टू लेन से सिक्स लेन में विस्तारित करने का अनुरोध किया है। पत्र में उन्होंने इस मार्ग पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव और लगातार हो रही दुर्घटनाओं को गंभीर चिंता व्यक्त की है।

मंत्री द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार राजस्थान से गुजरने वाले मार्ग पर टैक्स से बचने के लिए प्रतिदिन लगभग 25 हजार वाहन इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। वर्तमान में सड़क के टू लेन होने के कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। ओवरटेकिंग के दौरान आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिनमें कई लोगों की असमय जान जा चुकी है।

**तीन पुल जर्जर, बड़े हादसे का खतरा**

पत्र में विशेष रूप से चंबल, क्वारी और यमुना नदी पर बने तीन पुलों की जर्जर स्थिति का उल्लेख किया गया है। मंत्री शुक्ला ने लिखा है कि इन पुलों पर किसी भी समय हादसे की आशंका रहने लगी है। चंबल पुल की मरम्मत पूर्व में कई बार की जा चुकी है लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है। यह मार्ग से उत्तर प्रदेश के इटावा तक सीधा संपर्क प्रदान करता है और मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि गंभीर दुर्घटनाओं और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अथवा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं ताकि नेशनल हाईवे 719 को छह लेन में परिवर्तित किया जा सके। इससे न केवल यातायात सुगम होगा बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।



## एचआर फॉर्म क्रिकेट टूर्नामेंट में चार टीमें पहुंचीं सेमीफाइनल में

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 23 फरवरी।** मालनपुर उद्योग क्षेत्र में खेले जा रहे एच आर फॉर्म द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले हुए जिसमें सूर्या रोशनी के मैदान में खेले गए पहले मैच में जी वी मृगाराम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 76 रनो लक्ष्य दिया जिसके जवाब में गोदरेज ने 7 विकेट से जीत दर्ज की, वही दूसरा मैच सूर्या रोशनी एवं टेवा के बीच खेला गया इसमें सूर्या रोशनी ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 104 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में टेवा ने पीछा करते हुए तीन विकेट से रोमांचक जीत हासिल की।

ऐसे ही सी जी पावर ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में कैडबरी ने जे के टायर को हराया, पी एल आर अडानी ने एस आर एफ को दूसरे मैच में रोमांच मुकाबले में हराया, ऐसे चार टीम।

सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम गोदरेज, दूसरी कैडबरी, तीसरी अदानी पी एल आर और टेवा क्रिकेट टूर्नामेंट में सूर्या रोशनी प्लांट हेड तपन कुमार बंदोपाध्याय, मुकुल चतुर्वेदी, भाजपा ग्वालियर जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, एवं अन्य कर्मचारी अधिकारी गण मौजूद रहे।

## युवा संगम रोजगार मेला 25 को

**भिंड, 23 फरवरी।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा युवा संगम रोजगार मेला, अप्रेंटिस मेला तथा स्वरोजगार मेला का आयोजन 25 फरवरी को प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक स्थानीय शासकीय एमजेएस कॉलेज में किया जाएगा। जिसमें डिफरेन्स मेनजमेन्ट डवलमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसी, क्विक आईटी साल्यूशन इन कंसल्टेसी ग्वालियर, गोतम सोलर भिवानी हरियाणा, एक्सिक वैक गुड़गांव, जमुना आटो पार्ट्स मालनपुर, चेकमेट सिक्यूरिटी ग्वालियर, भारत पे मर्चेन्ट चम्बल संभाग एवं कोसमोस प्राइवेट लिमिटेड गुजरात, एसआरएफ मालनपुर, आमधनी प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर, ग्रेट आग्रेनिक डायमंड सागर, मप्रमक्षेबिजली वितरण कंपनी द्वारा नि:शुल्क शिक्षित आवेदकों की भर्ती की जाएगी। आवेदकों को साक्षात्कार के समय 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की मूल अंकसूची एवं अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र सहित एवं पासपोर्ट साइज के तीन फोटोग्राफ लेकर आना होगा। प्लेसमेंट ड्राइव उपस्थित होने वाले युवकों को कार्यालय द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष ...

### परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

दिल्ली पुलिस मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र यादव को ग्वालियर से उठाकर दिल्ली ले गई है. यादव पर राजधानी दिल्ली में आयोजित एआई समिट 2026 के दौरान अर्धनग्न विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आरोप है. परिजनों ने बताया कि जितेंद्र अपने कमरे में थे. अचानक घर के गेट पर किसी की आहट हुई. जब तक परिवार के लोग बाहर आए, पुलिस सीधे उनके कमरे में जाकर उन्हें उठाकर नीचे ले आई. उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन्हें मारते पीटते दिल्ली की स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठाकर ले गई. रात में परिजन कुछ नेताओं के साथ थाने गए, लेकिन मिलने नहीं दिया गया. उनके मोबाइल के जरिए ही परिवार को संपर्क कराया गया. पिता केशव यादव ने बताया कि पुलिस के कुछ लोग फिर उनके घर आए और दावा किया कि उनके बेटे ने दिल्ली में उत्पात मचाया है. उन्होंने रात को ही जितेंद्र को ले जाने की जानकारी दी थी. पुलिस ने परिवार के सभी मोबाइल भी ले लिए, बाद में लौटाए. पुलिस ने जितेंद्र के कपड़े भी ले लिए. उसके बाद से उनकी कोई जानकारी नहीं है कि उनका बेटा कहां है. दिल्ली पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र यादव को इस पूरी साजिश का हिस्सा माना है। कहा गया है कि वह विरोध प्रदर्शन के दौरान वहां मौजूद था. दिल्ली पुलिस की टीम ने जितेंद्र यादव को आज दिल्ली लाकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 2 दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर भेज दिया गया है. पुलिस उन ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है जहां प्रदर्शन के दौरान पहनी गई विवादित टी-शर्ट्स प्रिंट करवाई गई थीं.

## तेज आवाज में डीजे बजाने पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर चौहान

**ग्वालियर 23 फरवरी।** बोर्ड सहित अन्य परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी नहीं हो, इसके लिए तेज आवाज में डीजे एवं साउंड सिस्टम बजाने वालों के खिलाफ कलेक्टर रूचिका चौहान ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम), तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा के दिनों में कहीं भी तेज आवाज में डीजे एवं साउंड सिस्टम का संचालन न होने दिया जाए। डीजे अथवा साउंड सिस्टम बजाने पर जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर रूचिका चौहान ने निर्देश दिए हैं कि परीक्षार्थियों को शांत और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष रूप से निगरानी रखी जाए। साथ ही विवाह समारोह, सामाजिक एवं अन्य आयोजनों के स्थलों पर भी निर्धारित समय-सीमा के बाद तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम न चलने पाए।

## भाजपा नवीन कार्यकारिणी को लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में नाराजगी

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 23 फरवरी।** मेहगांव.भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हैमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भिड़ जिला कार्यकारिणी की अधिकारिक घोषणा करते हुए सूची जारी की गई। जिला कार्यकारिणी सूची में गोरमी सोनी मंडल के कार्यकर्ताओं की उपेक्षा से कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई। संगठन को लेकर कार्यकर्ताओं में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया गोरमी और सोनी मंडल के कार्यकर्त्ता खासे नाराज दिखे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने सदस्यता अभियान सहित चुनावी सफलताओं में उनकी महती महत्वपूर्ण भूमिका रहती है इसके बाबजूद भी जिला कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व न मिलना निराशाजनक है। कार्यकर्ताओं ने इसे क्षैत्रिय संतुलन के विपरीत करार देते हुए जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया की कार्यशैली पर तीखे प्रहार किए। भारतीय जनता पार्टी के गठन से लेकर आजतक गोरमी मंडल पार्टी की नीति रीति पर सदैव अग्रणी भूमिका अदा करने में कड़ी मेहनत के साथ पार्टी के हर प्रोग्राम व चुनावी बिजय के लिए गोरमी मंडल सहित पूरी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के लिए प्राणपण से मेहनत करते हुए विजय श्री दिलाने का काम करता है।

**जिला अध्यक्ष पर दागे तीखे सबाल**

पार्टी इस तरह से हम कार्यकर्ताओं की उपेक्षा करते हुए काम करती है तो हम सभी कार्यकर्ता पार्टी के किसी भी आयोजन में भाग लेने से दूरी बनाते हुए किसी भी आयोजन को सफल नहीं होने देंगे, साथ ही सुरेन्द्र जैन (पप्पू) नेताजी ने प्रेस को बताया कि पार्टी ने गलत आदमी के हाथ में जिला अध्यक्ष की कमान सौंपकर पार्टी का बहुत बड़ा नुक़सान किया है किसी भी चुनाव में चाहे लोकसभा व विधानसभा में जिला अध्यक्ष देवेंद्र नरवरिया की पोलिंग बूथ पर पार्टी को बिजयी होने के बजाय हार का सामना करना पड़ा है उसके हाथों में जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी कितनी सफलता हासिल कर सकती हैं यह सर्व विदित है, देवेन्द्र नरवरिया को मंडी अध्यक्ष बनाने में हमारे गोरमी मंडल के लोकप्रिय नेता केपी सिंह भदौरिया ने तन मन धन से पूर्ण निष्ठा के साथ देवेन्द्र नरवरिया को मंडी अध्यक्ष बनाया, मंडी अध्यक्ष बनने के कुछ समय बाद उनका भी साथ छोड़ दिया विधायक मुकेश चौधरी की गोद में पहुंच गए उसके कहीं किसी नेता के साथ तो कभी किसी नेता के साथ आज अरविंद भदौरिया के खास होने का ढोंग करने बाले कब किसके हो जाय ऐसा आदमी न पार्टी के लिए बफादार हो सकता है नहीं संगठन के लिए। आग्रह किया कि बरिष्ठ नैत्रत्व इस विषय पर अवश्य विचार करें।